आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

यश भारत

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 92 ● कटनी ● गुरुवार, 5 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

जोधपुर के बाद सुलगा भीलवाड़ा

दो लोगों पर जानलेवा हमले के बाद जमकर बवाल

भीलवाड़ा। राजस्थान में जोधपुर के बाद अब भीलवाड़ा सुलग रहा है। यहां सांगानेर में बुधवार रात को यहां दो युवकों के साथ एक दर्जन से ज्यादा नकाबपोशों ने मारपीट करके उनकी बाइक जला दी। इसके बाद लोगों ने हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घायलों को अस्पताल ले जाने का विरोध किया। हालांकि, पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। घायलों को इलाज के लिए ले जाने के बाद भी शहर में तनाव कम नहीं हुआ। हालात को देखते हुए सांगानेर इलाके में 33 थानों के 150 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। वहीं, गुरुवार सुबह पूरे जिले में इंटरनेट बंद कर दिया गया। इधर, जोधपुर में ईद पर जमकर बवाल हुआ था, जिसके बाद अभी भी शहर में कर्फ्यू लगा हुआ है। साथ ही इंटरनेट भी बंद रखा गया है। अधिकारी भी नजर रख रहे हैं।

33 थानों की पुलिस तैनात; जोधपुर में तीसरे दिन भी कर्फ्यू

लोगों से शांति रखने की अपील कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि दोनों युवकों के साथ मारपीट और बाइक जलाने के मामले में पुलिस टीम हमलावर की तलाश में जुटी है।

बुधवार की देर रात हुआ हमला, फिर बिगड़े हालात

भीलवाड़ा के स्क्क एसपी आदर्श सिद्धू ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब दस बजे की है। यहां सांगानेर के करबला रोड पर बैठे हुए दो युवक आजाद और सद्दाम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। इसके बाद हालात बिगड़े। अब तक दोनों युवकों पर हमले की वजह का पता नहीं चल पाया है। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

लड़की की गर्दन के आर-पार हुई रॉड

रायसेन। रायसेन के औबेदुल्लागंज के अर्जुन नगर में रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां 10 साल की अंजलि पुत्री गोपाल राय के गले से सरिया आर-पार हो गया। बच्ची छत से साइकिल चलाते समय नीचे गिरी। नीचे रखा लोहे का सरिया गले के पार हो गया। बच्ची की हालत देखा परिवार वालों के होश उड़ गए। जानकारी मिलते ही डॉक्टरों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। सरिया को कटर से कटवाकर प्राथमिक इलाज के बाद भोपाल के एम्स रेफर कर दिया। हादसा बुधवार शाम 7 बजे हुआ। औबेदुल्लागंज के बीएमओ डॉ. अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि बच्ची छत पर साइकिल चला रही थी। वह अचानक छत से करीब 10-12 फीट नीचे गैलरी में गिरी। गैलरी में दीवार के बाहर लोहे का डे? फीट के करीब सरिया निकला हुआ था। यही सरिया उसके गले से आर-पार हो गया। मौके पर पहुंचकर सरिया को कटवाया गया। गले में करीब सवा फुट का सरिया बचा रह गया। गले में फंसे सरिए के साथ ही बच्ची को एंबुलेंस से एम्स भोपाल पहुंचाया गया। वहां ऑपरेशन कर सरिया निकाला जाएगा।

रायसेन में साइकिल चलाते समय छत से गिरी; जिसने देखा कांप गया

देखते ही सन्न रह गए माता-पिता

बच्ची छत से गिरी, तो उसका गले से सरिया आरपार हो गया। बच्ची उसमें बुरी तरह से फंस गई। काफी देर तक बच्ची सरिया फंसने से तड़पती रही। उसकी स्थिति को देखकर माता-पिता और पड़ोसियों की भी सांसें फूल गईं। जब तक बच्ची के गले में फंसा सरिया कट नहीं गया, तब तक लोग परेशान होते रहे।बच्ची के गले में करीब सवा फुट का सरिया बचा रह गया। उसे एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया।

कोरोना से हो रही गैंगरीन

लीवर पर भी असर, काटनी पड़ीं हैं मरीजों की आंतें

कानपुर। कोरोना संक्रमण से सिर्फ फेफड़े ही खराब नहीं होते हैं, इस वायरस का लिवर और आंतों पर भी तगड़ा असर पड़ रहा है। यह आंतों को ब्लॉक कर देता है, जिससे गैंगरीन हो जाती है और आंतों को काटना पड़ता है। कुछ रोगी तो मर भी जाते हैं। जो बच गए, वे इस वक्त बहुत बुरी हालत में हैं। यह बात आईएमएसीजीपी रिफ्रेशर कोर्स में हैदराबाद से आए विशेषज्ञ डॉ. संदीप लखटकिया ने बताई। उन्होंने इस तरह के रोगियों पर प्रस्तुति भी दी। बताया कि कोरोना संक्रमण ने नसों में ब्लॉकेज कर दिया। एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड से नसों का ब्लॉकेज हटाया जा सकता। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में चल रहे रिफ्रेशर कोर्स में बताया गया कि कोरोना की चपेट में आए 20 रोगियों की आंतों में सूजन आ गई। इसके साथ ही आंतें प्रभावित भी हुईं। कोरोना संक्रमण के आंतों में जाने पर रोगी को डायरिया हो जाता है। कोरोना की जांच लार और नाक के द्रव्य के अलावा मल के सैंपल से भी की जाती है। शुरुआत में लोग इसी भ्रम में रहे कि कोरोना सिर्फ फेफड़ों को ही खराब कर रहा है लेकिन अब पोस्ट कोविड रोगियों में आंतों की खराबी और गैंगरीन का लक्षण आ रहा है।

करनाल में इनोवा में सवार चार आतंकी गिरफ्तार

करनाल (हरियाणा)। करनाल में गुरुवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। आईबी की सूचना पर करनाल पुलिस ने बसताड़ा टोल के पास से गुरुवार को चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गाड़ी में भारी मात्रा में विस्फोटक होने की सूचना मिली थी।इसके बाद तलाशी में बोरों में भरे हुए हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। एसपी ने पूरे मामले की पुष्टि की है। आतंकियों की इनोवा बसताड़ा टोल क्रास कर मधुबन तक पहुंच चुकी थी। वहीं आरोपी करनाल पुलिस के हत्थे चढ़ गए। फिलहाल बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच चुका है। जानकारी के अनुसार सभी आरोपी 20 से 22 साल के हैं और सभी नांदेड़ जा रहे थे।

यंत्र इंडिया लिमिटेड का घाटा कम लेकिन उबरा नहीं रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट

घाटे में स्थापित हुए 7 आयुध निगमों में 6 फायदे में

जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी बोर्ड की 41आयुध निर्माणियों को तोड़कर बनाए गए 7आयुध निगम अपने स्थापना दिवस से ही घाटे में रहे। उनमें से 6आयुध निगम बीते6माह में घाटे से उबर कर फायदे में चलने लगे हैं। सिर्फ एक इकाई यंत्र इंडिया लिमिटेड अभी भी घाटे में है। हालांकि उसका घाटा कम हुआ है।यह जानकारी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।जारी जानकारी के अनुसार म्यूनेशन इंडिया लिमिटेड का प्रदर्शन पिछले6माह मे सबसे अच्छा रहा।जिसने न केवल लाभ कमाया अपितु निर्यात के साथ नये ग्राहक खोजने में अब्बल रहा। यह भी बताया गया कि सातों निगमों ने पिछले 6 माह में84सौ करोड़ का टर्न ओवर किया है।देश के अंदर नये ठेका के रूप 3 हजार करोड़रुपये कमाये। जबकि इसी दौरान5सौ करोड़ रुपये का गोला बारूद निर्यात किया है।

उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर 2021 को आयुध निर्माणी बोर्ड को 7 निगमों मे बांटने के बाद इन्हें 15 अक्टूबर2021 विजयादशमी को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। पिछले 6 माह के आंकलन मे 6निगमों प्रावधिक लाभदिखाया गया है।जबकि एक कंपनी यंत्र इंडिया लिमिटेड(वाई आई एल)घाटे से उबरी नहीं यद्यपि दो तिहाई घाटा की भरपाई करते हुए अभी111.49करोड़ के घाटे में है।सरकार ने कंपनियों को मजबूत बनाने के लिए 70हजार776करोड़ के मानित आर्डर दिये हैं जो पूर्व में आयुध निर्माणी बोर्ड के पास थे।बीते वित्त वर्ष2021-22मे आयुध निगमों को गति देने के लिए7हजार765करोड़ दिये थे।ताकि आयुध कंपनियां अपना व्यवसाय कर स्वायत्तशासी हो सकें।बताया गया कि एम आई एल ने सबसे बड़ा 5 सौ करोड़ रुपए का निर्यात आर्डर हासिल किया।कंपनियों ने उत्पाद विकास के लिए सामूहिक प्रयास किया है जिससे उत्पादन लागत 9.4 फीसदी तक कम करने में कंपनियां सफल रही।

15 अक्टूबर 2021 को समर्पित किया गया था

दिये गए आंकड़ों के अनुसार एम आई एल अपने स्थापना के दौरान 677.33 करोड़ के घाटे में थी जो अब 28 करोड़ रुपए के लाभ मे है।इसी तरह एवीएनएल का घाटा 164.33 करोड़ रुपये था33.09करोड़ लाभ में है।आई ओ एल जो 5.67 करोड़ रुपये के घाटे में रहा अब 60.44 करोड़ के लाभ में है। ए डब्ल्यू ई एल जिसका शुरुआती घाटा 398.5 करोड़ रुपये था वो भी अब 4.84 करोड़ रुपये के फायदे में है। जी आई एल जो 43.67 करोड़ रुपये के घाटे में रहा उसने भी 1.32 करोड़ रुपये का लाभ कमा लिया है। टीसीएल जो शुरुआत में 138.7 करोड़ रुपये के घाटे में था अभी 26 करोड़ रुपये के लाभ की स्थिति में है। एकमात्र यंत्र इंडिया लिमिटेड(वाई आई एल)जिसका घाटा 348.17 रुपये था अभी घाटे से नहीं उबर पाया है। इतना जरूर है कि दो तिहाई घाटे की पूर्ति कर ली है।वर्तमान में वह 111.49 करोड़ के घाटे में है।

ओडिशा में चक्रवात को लेकर हाई अलर्ट

नई दिल्ली। ओडिशा सरकार ने अगले चार दिनों में राज्य में चक्रवात को देखते हाई अलर्ट जारी किया है और सभी जिला कलेक्टरों को सतर्क रहने को कहा है। सरकार का कहना है कि इससे निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, लोगों से अपील की गई है कि घबराहट में रोजमर्रा की चीजों को खरीदकर घर पर इकट्ठा न करें।उधर, मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि चक्रवात की स्पष्ट तस्वीर अभी सामने नहीं आई है। हालांकि, पांच मई तक सिस्टम डीप डिप्रेशन बन सकता है और छह मई को तूफान आने की संभावना है। श्रीलंका ने इस तूफान का नाम असानी रखा है। इसका अर्थ प्रकोप होता है। इसका असर पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, झारखंड, उत्तर पूर्व के राज्यों में देखने को मिल सकता है। बीते कुछ सालों से ओडिशा को चक्रवातों का सामना करना पड़ रहा है।

कई राज्यों में दिखेगा असर, बारिश के साथ आंधी की संभावना

महंगाई की मार

रेपो दर अगले महीने भी बढ़ सकती है 0.25 फीसदी

पेट्रोल-डीजल और खाने-पीने की चीजें हो जाएंगी महंगी

नई दिल्ली/मुंबई। महंगाई काबू में करने के लिए रेपो दर अचानक बढ़ाने के बाद आरबीआई अगले महीने यानी जून में झटका देने की तैयारी में है। जानकारों का कहना है, केंद्रीय बैंक जून में भी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) रेपो दर में 25 आधार अंकों (0.25 फीसदी) की बढ़ोतरी कर सकती है।आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई से जुड़े संवेदनशील उत्पादों जैसे खाने के तेल की कीमतें पहले से ऊंची हैं, प्रमुख उत्पादक देशों ने आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। खाद की भी कीमतें ऊंची हैं। अन्य इनपुट लागत ज्यादा होने से खाद्य की कीमतों पर असर दिखा है। 12 खाद्य पदार्थों में 9 की कीमतें मार्च में बढ़ी हैं। ऐसे में इस महीने भी महंगाई ज्यादा रहने वाली है।

पहले से था ब्याज दरें बढ़ने का अनुमान

ब्याज दरें बढ़ने का अनुमान पहले से ही था। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ऐसा ही कर रहे हैं। आरबीआई ने अप्रैल की एमपीसी बैठक में कहा था, खुदरा महंगाई उसके ऊपरी दायरे से बाहर निकल गई है। ऐसे में अब ध्यान विकास दर की जगह महंगाई को काबू करने पर है।

भारत के लिए खुले बाजार के अवसर

हाल में हुए व्यापार समझौतों और भू-राजनीतिक हालात के चलते भारत के लिए बाजार के नए अवसर खुले हैं। दास ने कहा, वैश्विक बाधाओं के बीच भारत का विदेश व्यापार जुझारू बना हुआ है। अप्रैल में वस्तुओं का निर्यात मजबूत रहा, तो मार्च में सेवा निर्यात नई ऊंचाई पर पहुंच गया।

खुदरा महंगाई लगातार तीन महीने से आरबीआई के ऊपरी दायरे से बाहर

09 खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं मार्च में 12 में से 10 साल के सरकारी बेंचमार्क का यील्ड बढ़कर 7.40 फीसदी पहुंच गया। ऐसे में आरबीआई उदार रुख को वापस ले सकता है।

रायसेन में ट्रक और ऑटो में टक्कर 4 की मौत

रायसेन। यहां से 22 किलोमीटर दूर भोपाल रोड टेड़िया पुल के पास बुधवार-गुरुवार की रात एक लोडिंग ऑटो और ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बच्ची समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। खरवई चौकी पुलिस और रायसेन जिला मुख्यालय से तहसीलदार पहुंचे। 108 एंबुलेंस के चालकों ने वाहनों में दबे लोगों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। लिस ने घायलों को वाहन से निकालकर भोपाल भेजा है। मृतकों को रायसेन जिला अस्पताल भेजा है।

नेपाल में बस और जीप में भिड़ंत, 5 की मौत 2 घायल

काठमांडू। नेपाल के काभ्रे जिले में वीपी हाईवे पर एक बस और जीप की टक्कर हो गई। इस हादसे 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 2 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। नेपाल पुलिस के ष्ठस्क्कहरि खातिवाड़ा ने हादसे की जानकारी दी है। उन्होंने बताया, बुधवार दोपहर काठमांडू से भारत सोनौली जा रही एक बस, सिंधुली से काठमांडू जा रही नेपाली जीप से टकरा गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आईपीएल के दौरान प्यार का इजहार

लड़की ने घुटने पर बैठकर ब्वॉयफेंड को किया प्रपोज, लड़के ने गले लगाकर रिंग पहनी

पुणे। चेन्नई और बेंगलुरु के बीच पुणे में खेले जा रहे आईपीएल मैच के दौरान एक रोचक घटना कैमरे में कैद हो गई। चेन्नई की पारी के दौरान एक कपल ने सभी का दिल जीत लिया। दरअसल हुआ ये कि, एक लड़की ने मैच के दौरान अपने ब्वॉयफ्रेंड को घुटने पर बैठकर प्रपोज किया। लड़के ने भी अपनी प्रेमिका को गले लगाकर रिंग पहन ली और प्रपोजल स्वीकार किया। चेन्नई की पारी के 11वें ओवर में टीवी स्क्रीन पर इस जोड़ी को दिखाया गया।वहां मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर दोनों को बधाई दी। मैदान में लगी बड़ी स्क्रीन पर इस अनोखे प्रपोजल को लाइव दिखाया गया। अब सोशल मीडिया पर इस पूरी घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

राजीव गांधी हत्याकांड : सुप्रीम कोर्ट सख्त

केंद्र से कहा- आप बहस को तैयार नहीं हम दे देंगे पेरारिवलन को रिहाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में उम्र कैद के तहत 36 साल जेल में काट चुके ए जी पेरारिवलन को रिहा करने के राज्य मंत्रिमंडल के फैसले को मानने के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल बाध्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दया याचिका को राष्ट्रपति के पास भेजने के राज्यपाल के कदम को खारिज करते हुए कहा कि संविधान के खिलाफ कुछ हो रहा हो तो आंख मूंदकर नहीं रहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम उसे जेल से रिहा करने का आदेश पारित करेंगे क्योंकि आप गुण-दोष के आधार पर इस मामले पर बहस करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने केंद्र की इस राय से सहमति नहीं जताई कि अदालत को इस विषय पर राष्ट्रपति का फैसला आने तक इंतजार करना चाहिए।

कोर्ट ने दिया आर्टिकल 161 का हवाला

कोर्ट ने केंद्र के इस सुझाव से सहमत होने से इनकार कर दिया कि अदालत को इस मुद्दे पर राष्ट्रपति के फैसले तक इंतजार करना चाहिए। जस्टिस एल नागेश्वर राव और जस्टिस बी आर गवई की बेंच ने केंद्र को बताया कि राज्यपाल संविधान के आर्टिकल 161 के तहत तमिलनाडु कैबिनेट द्वारा दी गई सहायता और सलाह के लिए बाध्य हैं। कोर्ट ने केंद्र को अगले सप्ताह तक अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। बेंच ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि यह कोर्ट द्वारा तय किया जाने वाला मामला है।

36 इंच का दूल्हा 34 इंच की दुल्हन

भागलपुर। भागलपुर की एक शादी चर्चा में है। इसका कारण है, दूल्हा और दुल्हन की हाइट। दूल्हा 36 इंच लंबा है, जबकि दुल्हन उससे दो इंच कम यानी 34 इंच की। इस अनोखी शादी में शामिल लोग वर-वधू के साथ सेल्फी लेते और वीडियो बनाते नजर आए।

इस मौके पर सभी ने नए जोड़े को आशीर्वाद दिया।जिले के नवगछिया में ये शादी रविवार को हुई। इस दौरान दूल्हा-दुल्हन की कद-काठी को लेकर काफी चर्चा हुई। शादी में आए लोगों ने दोनों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इसकी अब हर जगह चर्चा हो रही है। अपने कद को लेकर चर्चा में आए इस जोड़े की शादी गोपालपुर प्रखंड में हुई। 24 साल की दुल्हन नवगछिया के अभिया बाजार निवासी किशोरी मंडल की पुत्री ममता कुमारी और 26 साल का दूल्हा मसारू निवासी बिंदेश्वरी मंडल का पुत्र मुन्ना भारती हैं। इनमें दूल्हा मुन्ना भारती 36 इंच यानी तीन फीट और दुल्हन ममता कुमारी 34 इंच यानी 2.86 फीट की है।

सेना ने नए बुलेटप्रूफ जैकेट्स के ऑर्डर

अब और मजबूत होगा सेना का सुरक्षा कवच

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी अब ऐसी गोलियों का इस्तेमाल करने लगे हैं जो बुलेटप्रूफ जैकेट को भी भेदने की क्षमता रखती है। हाल के मुठभेड़ों में यह बात सामने आई है। इसे देखते हुए सेना ने नए बुलेटप्रूफ जैकेट्स के ऑर्डर दिए हैं। दरअसल, आतंकवादियों को ये बुलेट्स अफगानिस्तान से मिले हैं। अमेरिकी सेना के जवान इन बुलेट्स का इस्तेमाल अफगानिस्तान में करते थे। अफगानिस्तान से अमेरिका सेना अपने हथियार और अन्य रक्षा उपकरण छोड़कर गई जिसके बाद ये हथियार आतंकवादियों के हाथ लग गए। अब ये बुलेट्स पाकिस्तान के जरिए कश्मीर में एक्टिव आतंकियों के पास पहुंच रहे हैं। इन बुलेट्स की डिजाइन इस तरह की होती है कि वह मैटल को पार कर जाती है। आतंकवादियों को कनाडा में बनी हुई नाइट साइट्स का उपयोग करते हुए देखा गया है। सेना के शीर्ष अधिकारियों ने अप्रैल में आयोजित सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान इस विषय पर चर्चा की थी।आर्मर-पियर्सिंग बुलेट या स्टील कोर बुलेट प्रूफ जैकेट से मिलने वाली सुरक्षा को खत्म कर सकता है। इससे ऑपरेशन में शामिल सैनिक को खतरा पैदा हो सकता है। श्रीनगर स्थित चिनार कोर के अधिकारी ने बताया कि आतंकियों ने मुठभेड़ में जिन गोलियों का इस्तेमाल किया है वो जैकेट को भेदने में सफल रही है।

घाटी पर मिला आतंकियों की घुसपैठ का ठिकाना

सांबा में BSF ने ढूंढ़ निकाली सुरंग

जम्मू कश्मीर के सांबा जिले के चक फकीरा में क्क्रस्न अधिकारियों को एक सुरंग दिखी है। यह इलाका पड़ोसी देश पाकिस्तान की सीमा से करीब है। मामले की जानकारी मिलते ही क्क्रस्न अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। सूत्रों का कहना है कि कुछ दिन पहले जम्मू कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ इसी सुरंग से हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, यह सुरंग अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ 150 मीटर की दूरी पर है। यह पाकिस्तान पोस्ट चमन खुर्द से भी सिर्फ 900 मीटर की दूरी पर है। क्क्रस्न की ओर से स्पेशल चेकिंग ऑपरेशन के दौरान इस सुरंग का पता चला।क्क्रस्न के ष्ठद्बद्ग एसपीएस संधु का कहना है कि ऐसा लगता होता है कि यह सुरंग हो सकती है जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी है। अंधेरे की वजह से सही तरीके से इसकी जांच नहीं की जा सकी।

कटनी-भोपाल रूट की 20 रेलगाड़ियों को रद्द करने पर आक्रोश

कटनी। रेलवे बोर्ड ने छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली 10 एक्सप्रेस और 10 लोकल ट्रेनों को फिर से करीब एक माह के लिए कैंसिल कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार 5 से 24 मई तक कटनी-भोपाल रूट की 20 गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है। इसमें बिलासपुर, रायपुर सहित छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली लोकल ट्रेनें भी शामिल हैं। इस दिशा में यात्रा करने के लिए रेलवे ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की है। रेलवे बोर्ड ने बिना कोई कारण बताए ट्रेनों को कैंसिल करने का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि, रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जरूर किया है। इस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उनके निर्देश पर रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखा गया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी कुमार से चर्चा की थी। इसके बाद चार गाड़ियों को बहाल किया गया। लेकिन, बाकी ट्रेनें अभी भी कैंसिल है। इधर, छग कांग्रेस नेताओं ने ट्रेनों के स्टॉपेज कम करने और कोरोना काल के समय से बंद गाड़ियों को शुरू करने की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। जोन मुख्यालय का घेराव कर रेल रोको आंदोलन करने की चेतावनी दी है। हालांकि मध्यप्रदेश में इस तरह की कोई चेतावनी कांग्रेस के द्वारा नहीं दी गई है जबकि इनमें से अधिकांश ट्रेनें का मुख्य रूट एमपी से होकर ही है।

रद्द होने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें

5 से 24 मई तक बिलासपुर एवं भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236/18235 बिलासपुर-भोपाल -बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

5 से 23 मई तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर - रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

6 से 24 मई तक रीवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18248 रीवा -बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

5 से 23 मई तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

6 से 24 मई तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

9 एवं 16 मई को नांदेड़ से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12767 नांदेड- संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

11 एवं 18 मई को संतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12768 संतरागाछी- नांदेड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

11 एवं 18 मई को रानी कमलापति से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति -संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

12 एवं 19 मई को संतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

5 से 24 मई तक बिलासपुर एवं रायगढ़ रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08738/08737 बिलासपुर -रायगढ़ - बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 से 24 मई तक बिलासपुर एवं शहडोल रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08740/08739 बिलासपुर -शहडोल - बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 से 24 मई तक रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08705 रायपुर -डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 से 24 मई तक डोंगरगढ़ से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08706 डोंगरगढ़- रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 से 23 मई को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08709 रायपुर - डोंगरगढ़- मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

6 से 24 मई को डोंगरगढ़ से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08709 डोंगरगढ़- रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 से 24 मई तक इतवारी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08754 इतवारी -रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 से 24 मई तक रामटेक से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08755 रामटेक-नागपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

खाली प्लॉटों पर पसरी गंदगी

सावरकर वार्ड में समस्या से जनता परेशान

कटनी। शहर में खाली पड़े प्लॉटों पर पड़ी गंदगी से आम लोग परेशान हो रहे हैं। शहर में कई स्थानों पर खाली प्लॉटों से गंदगी से परेशा हो रही है। शहर के सावरकर वार्ड क्रमांक 11 में खाली प्लॉट पर भरे पानी ने आम नागरिकों की जिंदगी बदहाल कर दी है। अब तो पानी लोगों के घरों के अंदर घुसने लगा है। इससे वे परेशान हैं। बाथरूम में गंदा पानी भरा रहता है। इस पानी की कहीं निकासी नहीं है। यहां पर न तो सड़क है न ही नालियों से पानी निकासी की व्यवस्था। इससे आम नागरिकों को परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि यहां पर विकास के नाम पर कुछ नहीं हो रहा है। वार्ड के निवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों से मांग की है कि इस संबंध में नगर निगम के जिम्मेदार ध्यान दें।

इससे लोगों को परेशानी न हो। निचली बस्तियों में सफाई अभियान गायब है। कचरा निपटान की भी कोई व्यवस्था नहीं है। उक्त क्षेत्रों में नपा को बहुत काम करना है। इस कारण से घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा मोहल्ले में खाली पड़े प्लॉट की अधिकांश कालोनियों में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं हैं। जहां व्यवस्था है लेकिन उसे बेहतर नहीं कहा जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी कार्यालयों के शौचालय गंदे

ढीमरखेड़ा के सरकारी कार्यलयों के ही शौचालय गंदे हैं। इसके बाद भी इनकी सफाई नहीं करवाई जा रही है। इससे यहां पर आने वाले नागरिक परेशान हैं। ढीमरखेड़ा जनपद में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। यहां के शौचालयों की भी रोजाना सफाई नहीं होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर सैकड़ों गांवों के ग्रामीण आते हैं लेकिन साफ-सफाई न होने से नागरिक परेशान हैं। नागरिकों ने बताया कि एक तरफ तो जनपद द्वारा सभी लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहे हैं। दूसरी तरफ उसके अपने कार्यालय के शौचालय गंदे हैं।

विश्वकर्मा समाज की पहल : सर्वजातीय विवाह महायज्ञ में 12 नवयुगल का कराया विवाह

बरही। अक्षय तृतीया के पुनीत अवसर पर विश्वकर्मा समाज तहसील इकाई बरही के तत्वाधान में एक दिवसीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन विजयनाथधाम मेला प्रांगण बरही में किया गया। कन्यादान, महादान के इस पुनीत आयोजन में 12 जोड़ो का विवाह विधि विधान से स पन्न हुआ। समाजसेवा के लिए पेश की गई मिशाल के इस महायग मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी पर जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष युवा समाजसेवी अशोक विश्वकर्मा मंचासीन थे, वही सीएफ आरसी विश्वकर्मा, रेंजर डॉ गौरव सक्सेना, पत्रकार आदेश खरया विशिष्ट अतिथि शामिल रहे। इस गरिमामयी आयोजन के सहभागी बने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा ने दांपत्य जीवन मे प्रवेश कर रहे सभी वर वधु को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वकर्मा समाज बरही द्वारा कराए गए इस विवाह महायज्ञ में समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगो का भला हुआ है और इस तरह के कार्यक्रम से समाज मे एक नई ऊर्जा, नई उम्मीद की प्रेरणा मिलती है। परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी बारह जोड़ो को समाज के दानवीरों द्वारा गृहस्ती की सामग्री भेंट की गई, किसी ने पलग, किसी ने आलमारी, किसी ने बर्तन तो किसी के सोने-चांदी के आभूषण, नगदी भेंट किए।

आयोजन समिति द्वारा सारे इंतजाम कार्यक्रम स्थल पर सुचारू रूप से किया गया था। आयोजन समिति के राममिलन विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा समेत युवाओं की टोली पूरे उत्साह से कार्यक्रम की सफ्लता के लिए जुटे रहे। विभूतियों का स मान कार्यक्रम के दौरान विश्वकर्मा समाज ने अलग.अलग क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले समाजसेवियों, मीडियाकर्मियों, कलाकारों का सम्मान भी किया।

मोटरपंप जप्त करने से लौट पायेगा नदियों का जीवन ?

कटनी की चार में से एक नदी की धार टूटी, तीन में न के बराबर प्रवाह

कटनी। हाल ही में खबर आई थी कि कटनी नदी में अवैध पानी निकालने को लेकर चार मोटर पंप जप्त किये गये हैं। सवाल यह कि सिर्फ मोटरपंप जप्त कर लेने से क्या कटनी में नदियों की टूटती सांस फिर से वापस आ पाएगी? कटनी जिले में चार प्रमुख नदिया हैं, पहले इन नदियों के पानी से पूरा शहर तर रहता था। ग्रामीण क्षेत्र में फसलों सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलता था, लेकिन वक्त के साथ नदियों को छलनी कर दिया गया। शहर के गंदे पानी के नालियों के मिलने से कटनी नदी का बड़ा हिस्सा लगभग नाला बन चुका है। महानदी, उमराड़ और हलफल नदी में रेत का अधाधुंध उत्खनन किया। अनदेखी और संरक्षण के लिए कोई काम नहीं होने का नतीजा ये है कि लबालब रहने वाली जिले की चारों नदियों में इस बार गर्मी में पानी की धार सूख गई हैं। गंदे पानी के नाले मिलने और किनारों पर अतिक्रमण के चलते इन नदियों का अस्तित्व खतरें में पड़ गया हैं। जिले के बड़े हिस्से में आबादी भीषण गर्मी के बीच बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। यदि अब भी नहीं चेते तो ये नदियां इतिहास बनकर रह जाएंगी।

कटनी नदी-कटनी शहर की प्यास बुझाती थी, अब इतना पानी भी नहीं है कि निगम हर दिन दो समय जलापूर्ति कर सके।

महानदी- इसके पानी पर जिले में लगभग 50 हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र की सिंचाई और 350 से ज्यादा गांव पेयजल के लिए आश्रित हैं।

उमराड़ और हलफल नदी- उमराड़ और लहफल नदी में भी 20 हजार हेक्टेयर से अधिक सिंचाई होती है, कई गांवों का निस्तार होता है।

कटनी की जीवनदायनी गिन रही सांसे

कटनी शहर की जीवन रेखा कटनी नदी है, लेकिन वर्तमान स्थिति में इसकी सांसें टूट गई हैं। इस नदी में रेत न होने के कारण खनन तो हुआ नहीं, लेकिन नदी की सुरक्षा व संरक्षा न होने के कारण दम तोड़ चुकी है। नगर निगम व मनरेगा की रिवर फ्रंट योजना सिर्फ कागजों में ही बनकर रह गई है। नदी में मिलने वाले शहर के जहरीले नालों से गाटरघाट के बाद पानी पीने योग्य तक नहीं बचा है।

नहाने गया किशोर तालाब में डूबा

कटनी। कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम चरी में तालाब में नहाने गए एक 17 वर्षीय किशोर की पानी में डूबने से मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम चरी निवासी रामपाल दाहिया के पुत्र 17 वर्षीय राज दाहिया की तालाब में जलसमाधि हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामपाल दाहिया दोपहर में सब्जी बेचने चला गया था। इसी दौरान उसका पुत्र गांव में स्थित तालाब में नहाने चला गया, जहां वह गहरे पानी में डूब गया। शाम को जब पिता घर लौटा और बेटा नहीं मिला तो पहले तो उसके लौटने का इंतजार किया लेकिन जब देर तक किशोर वापस नहीं आया तो उसकी तलाश प्रारंभ की गई। खोजबीन के दौरान ही तालाब के पास किशोर के कपड़े रखे मिले जिसके बाद तालाब में तलाश की गई। जहां राज दाहिया का शव मिला। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने उपरांत मर्ग प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

डस्टबिन से कई दिनों तक नहीं निकलता कचरा

कटनी। नगर निगम स्वच्छता को लेकर तमाम जतन कर रही है निगम की सक्रियता से काफी हद तक धरातल पर काम भी दिख रहा है। लेकिन कुछ छोटी छोटी अनदेखी के कारण सारे प्रयास धरे रह जाते हैं। एसी ही एक समस्या वर्तमान में डस्टबिन से कचरा समय पर न उठाने की सामने आ रही है। शहर में विभिन्न स्थानों में कचरा उठाव में देरी से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में विभिन्न स्थानों में कचरे का उठाव नहीं होने से आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। शहर में डस्टबिन से कचरे का उठाव न होने से स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही हैं। साफ-सफाई के कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही है। शहर के कई स्थानों में कचरे का ढेर लगा हुआ है। कचरे का उठाव नहीं होने से डस्टबिन के चारों ओर कचरे का ढेर लगा रहता है। कचरे के कारण वहां पर आवारा मवेशी भी डेरा जमा लेते हुए हैं। सफाई कर्मियों द्वारा सफाई कार्य में लापरवाही की जा रही है। शहर की सड़कों से लेकर वार्डों तक में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी सफाई कार्य में ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि सफाई व्यवस्था के लिए स्वच्छता अभियान तक चलाया जा रहा है।

कचरा उठाव में लापरवाही

शहर के अंदर कचरा फैंकने के लिए डस्टबिन रखी गई है लेकिन इन डस्टबिन से कचरा उठाव नहीं किया जाता हैं। कचरा उठाव नहीं होने से डस्टबिन के चारों ओर कचरा फैला रहता है। स्टेशन के बाहर, सुभाष चौक से लेकर अन्य स्थानों पर रखे गए डस्टबिन के चारों ओर कचरा फैला रहता है। बाजार क्षेत्र में व्यवसायियों द्वारा डस्टबिन कचरा फैंका जाता है लेकिन कचरा उठाव नहीं होने से डस्टबिन के चारों ओर कचरा फैला रहता है। कचरे फैले रहने से वहां पर आवारा मवेशी भी विचरण करते हुए नजर आते हैं। शहर की सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव करने और कचरे का प्रबंधन करने के लिए नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपए का ठेका दिया गया है। ठेका के अंतर्गत कचरा उठाने वाले वाहन भी लगे हुए हैं। वाहनों के माध्यम से घरों से कचरा ले जाना होता है। इसके लिए नगर निगम के सभी वार्डों में कचरा वाहन भेजा जाता है। जिसमें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखवाया जाता है। इसके अलावा शहर के अंदर रखे डस्टबिन से कचरा उठाने के लिए अलग से वाहन लगाए गए हैं। लेकिन ठेके में लगे कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। यही कारण है कि शहर में रखे डस्टबिन से कचरा समय पर नहीं उठाया जाता हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 06 से
1, 4, 7, एवं रात्रि 10 बजे से

MULTIVERSE OF MADNESS (हिंदी में)
कलाकार- एलिजाबेथ ओलसेन, बेनेडिक्ट वोंग, माईकल स्टुबर्ग, रचेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार चौथा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 29 से
12.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से

KGF CHAPTER-2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 29 से
3.30, 6.30, एवं रात्रि 10.15 बजे से

RUNWAY-34 (हिंदी में)
कलाकार- अजय देवगन, अमिताभ बच्चन, रकुलप्रीत सिंह, बोमन ईरानी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

युवक ने लगाई फांसी

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत मढिया मोहल्ला झिंझरी निवासी 18 वर्षीय युवक के द्वारा किसी बात से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार झिंझरी के मढिया मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय लल्लू उर्फ अंकित पिता पंकज चौधरी ने अज्ञात कारणों से परेशान होकर अपने घर के कमरे में जाकर फांसी के फंदे में झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा आदि की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक का शवपरीक्षण कराने उपरांत मर्ग प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 05 मई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

पिछले साल 251 पंजीयन, लेकिन कुछेक किसानों के खेत पर बने तालाब

फिर शुरू हुई योजना, 25 अप्रैल से अब तक 11 किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

कटनी। राज्य सरकार द्वारा बलराम तालाब योजना के तहत 25 अप्रैल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब तक 11 किसानों ने तालाब निर्माण के अपना पंजीयन करवाया है, जबकि पिछले साल 251 किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, जिसमे से कुछेक किसानों के ही खेत में तालाब का निर्माण हो सका। अब एक बार फिर सरकार ने बलराम तालाब योजना के तहत किसानों से ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कहा है। पिछले साल के आवेदन पर अब तक निर्णय नहीं होने कार ही नतीजा है कि अक तक केवल 11 ही पंजीयन हुए हैं।

यश भारत पड़ताल

जल संरक्षण एवं सिंचाई की सुविधा में वृद्धि करने के लिए राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बलराम तालाबों का निर्माण किया जा रहा है, इसके लिए पंजीयन का काम 25 अप्रैल से शुरू हो गया है। कटनी जिले में अब तक करीब 11 किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कर दिया है। योजना के मुताबिक यदि किसान बलराम तालाब का निर्माण करवाते हैं, तो उन्हें 75 फीसदी तक अनुदान दिया जाना है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तालाब निर्माण के लिए किसान विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर रहे हैं। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही लिए जा रहे हैं। बलराम तालाब बनाने पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों को लागत का 75 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश में जल सरंक्षण को बढ़ावा देने और सिंचाई के रकबे को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा खेत में तालाब निर्माण की योजना बनाई गई है, जिसे बलराम तालाब योजना नाम दिया गया है। इस योजना के तहत जो किसान अपने खेत में तालाब का निर्माण कराना चाहता है, उसे सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान राशि एक लाख रुपये तक हो सकती है। इस योजना की मदद से किसान अपने खेत के एक हिस्से में ही तालाब का निर्माण कर सकते हैं। इससे उन्हें सिंचाई के लिए पानी की समस्या भी नहीं होगी। इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगाए जिनके खेतों में स्प्रिंकलर या ड्रिप सिंचाई उपकरण लगे होंगे। यह कृषि विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही है। बलराम तालाब योजना का लाभ पाने के लिए इच्छुक किसान आनलाइन आवेदन कर रहे हैं।

75 फीसदी अनुदान देगी सरकार

योजना के तहत प्रस्तावित आधार एवं अनुदान

बलराम तालाब योजना के तहत आम किसानों को अपने खेतों में बलराम ताल के निर्माण के लिए स्वीकृत लागत के प्रावधान के लिए 40 प्रतिशत का खर्च 80 हजार रुपये तक प्रावधान के साथ वहन करना होगा। लघु सीमांत किसानों को स्वीकृत लागत के अनुसार प्रावधानित अनुदान का 50 प्रतिशत, 80 हजार रुपये तक का व्यय वहन करना होगा, इसी प्रकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के किसानों को स्वीकृत लागत के अनुसार 75 प्रतिशत अधिकतम अनुदान राशि 1 लाख रुपये के अतिरिक्त होने वाले व्यय को स्वयं वहन करना होगा।

खेती में सिंचाई के लिए नहीं होगी पानी की समस्या

कृषि के समग्र विकास के लिए सतही एवं भूमिगत जल की उपलब्धता को स्थिर करने की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बलराम तालाब योजना का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के तहत जो भी किसान अपने खेत में तालाब का निर्माण कराना चाहता है, उसे सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाएगा। खेतों में तलाब का निर्माण करने से उन्हें खेती में सिंचाई के लिए पानी की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। बलराम ताल योजना को वर्ष 2020-21 में अनुदान दरों को पुराने प्रावधान के अनुसार रखते हुए लागू किया गया है। इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनके खेतों में स्प्रिंकलर या ड्रिप सिंचाई उपकरण लगे होंगे।

नोबल हार्ट की छात्रा हर्षिता शुक्ला की सफलता

कटनी। नोबल हार्ट हायर सेकेंडरी स्कूल की होनहार छात्रा हर्षिता शुक्ला ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित कक्षा बारहवीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में 84.2 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हर्षिता को 500 अंक में से 421 अंक प्राप्त हुए हैं। छात्रा हर्षिता शुक्ला उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह निवासी प्रतिष्ठित नागरिक हरभजन शुक्ला एवं गृहिणी श्रीमती श्रृद्धा शुक्ला की होनहार सुपुत्री हैं। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर रिश्तेदारों, शुभचिंतकों एवं स्नेहीजनों ने बधाई दी है।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोशन नगर में एसडीएम कटनी न्यायालय से स्थगन आदेश मिलने के बाद भी दबंग लोगों द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में हरिहर सिंह दाहिया ने बताया कि उसके घर के सामने दबंग लोगों द्वारा पिलर खड़े कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को सौंपी गई लिखित शिकायत में हरिहर सिंह ने बताया कि घर के सामने पिलर खड़े होने के बाद बाउंड्री उठने से उसके घर के दरवाजे पूरी तरह से बंद हो जाएंगे। इसी शिकायत को लेकर एसडीएम न्यायालय कटनी में आवेदन दिया गया था। एसडीएम न्यायालय से 25 अप्रैल को स्थगन आदेश जारी किया, जिसमें यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया है। 16 मई की पेशी भी निर्धारित की गई है। हरिहर सिंह ने बताया कि स्थगन आदेश के बावजूद दबंग लोगों द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया है। उसने बताया कि एनकेजे थाने में भी लिखित शिकायत दी गई लेकिन पुलिस उसे थाने से भगा देती है। परेशान होकर हरिहर सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से न्याय की गुहार लगाई है। उसने कहा है कि दबंग व्यक्तियों द्वारा पूरा दिन निर्माण जारी रखा जा रहा है। एसपी को दी गई शिकायत में कहा गया है कि असामाजिक तत्वों को लेकर विवादग्रस्त स्थल पर निर्माण कर हो रहा है जिससे कभी भी विवाद की स्थिति बन सकती है। हरिहर सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री जैन से न्यायालय से जारी हुए आदेश का पालन करवाने की मांग की है।

सिंधु दर्पण की राज्यपाल ने की सराहना

भेंट की प्रति, शाल श्रीफल से किया अभिनन्दन

कटनी। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल से कल बुधवार को राजभवन भोपाल में संजय खूबचंदानी ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को स्मारिका भेंट की, साथ ही सिंधी पत्रकारिता के विषय में जानकारी दी। विदित हो कि भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड महोत्सव के अवसर पर संजय खूबचंदानी द्वारा धार्मिक पत्रिका सिंधु दर्पण का प्रकाशन किया गया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बाद 4 मई को राजभवन भोपाल में महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल को सिंधु दर्पण पत्रिका भेंट की गई। राज्यपाल ने पत्रिका के प्रकाशन पर बधाई देते हुए कहा कि सिंधी समाज का देश के सांस्कृतिक और साहित्यिक विकास के अतुलनीय योगदान रहा है। निश्चित तौर पर यह पत्रिका समाज का दर्पण है। पत्रिका में समाज की महत्वपूर्ण जानकारियों का समावेश किया गया है। उन्होंने समस्त सिंधी समाज को अपनी ओर से झूलेलाल महोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संजय खूबचंदानी ने राज्यपाल का शाल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया।

यूनीफार्म की क्वालिटी सुधारे राज्य सरकार

बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने दिए निर्देश - कहा जुलाई में करें वितरण

एनआरएलएम के पास है बच्चों को गणेवश वितरण का जिम्मा

कटनी। कक्षा पहली से लेकर आठवी तक के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार के निर्देशन में प्रदेश के राज्य शिक्षा केन्द्र एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कई स्तर पर कवायद की जाती है। बच्चों को मध्यान्ह भोजन देने के साथ ही कई सारी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं, जिसमे निःशुल्क गणवेश का वितरण भी है। निःशुल्क गणवेश का वितरण का जिम्मा राज्य शिक्षा केन्द्र के पास है और कटनी जिले सहित पूरे प्रदेश में इसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूहों के माध्यम से बच्चों को गणवेश वितरण की जाती है लेकिन अब इसकी क्वालिटी खराब होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस पूरे मामले में बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कार्रवाई की मांग की है। यूनीफार्म की क्वालिटी खराब होने के बाद अब आरएसके ने इसे गंभीरता से लिया है और स्कूल के बच्चों को नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही गणवेश वितरण की बात सामने आई है। अब देखना यह है कि गणवेश वितरण कब तक हो पाता है और इसकी क्वालिटी कैसी रहती है। स्कूल शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्कूल चलें हम अभियान संचालित है। जिसके अंतर्गत गणवेश व अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। जिसमे निःशुल्क साइकिल और गणवेश भी शामिल है। इसके अलावा स्कूलों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन भी प्रदान किया जाता है। लेकिन कई जिलों से इस तरह की शिकायतें सामने आई कि गणवेश का वितरण नहीं हो पाया और जहां हुआ भी तो इसकी क्वालिटी घटिया स्तर की रही।

आयोग को निरीक्षण में मिली खामियां

जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों द्वारा कुछ दिन पहले स्कूलों का निरीक्षण करते हुए बच्चों की यूनीफार्म का जायजा लिया गया था। जिसमें कई तरह की खामियां उजागर होने के बाद बाल आयोग के सदस्य बृजेश चौहान ने चिंता जताते हुए राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गणवेश के कपड़े में काफी कमी सामने आई है। कई बच्चों के गणवेश हल्के और कमजोर कपड़े में सिले गए हैं। इतना ही नहीं आयोग के सदस्य ने कहा कि गणवेश दिए जाने का उद्देश्य बच्चों स्कूल जाने के लिए प्रेरित करना है लेकिन जब गणेवश वितरण में ही खामियां है, तो इसका असर बच्चों की उपस्थिति पर भी पड़ेगा। बाल आयोग के सदस्य ने यूनिफॉर्म की गुणवत्ता की जांच की मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अच्छे कपड़े में व्यवस्थित सिलाई के साथ ड्रेस तैयार किया जाए, वहीं समय-सीमा के अंदर छात्रों को गणवेश उपलब्ध कराया जाए।

65 लाख से ज्यादा बच्चों को दी जाती है यूनीफार्म

बताया जाता है कि राज्य शिक्षा केंद्र की तरफ से हर साल पूरे प्रदेश में शासकीय स्कूल के करीब 65 लाख छात्रों को दो ड्रेस उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिए हर साल राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 390 करोड़ रूपए खर्च किए जाते हैं, वहीं राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस वर्ष तैयार किए जा रहे ड्रेस की जिम्मेदारी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत स्व-सहायता समूहों को दी गई है। समूहों को जुलाई में गणवेश तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं नया शैक्षणिक सत्र 15 जून से शुरू होगा, जिसके बाद जुलाई में बच्चों को नए गणवेश का वितरण किया जाएगा।

पिछड़ा वर्ग के हित में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक

कटनी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की एक बैठक गत दिवस आयोजित की गई। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी के मुख्यातिथ्य, मोर्चा जिला प्रभारी ललित जायसवाल के विशिष्ट आतिथ्य और मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मोर्चे की गतिविधियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पार्टी एवं पिछड़ा वर्ग के हित में मोर्चा कार्यकर्ताओं से लगातार सक्रियता बनाए रखने, समर्पण निधि, मंडल कार्यकारिणी के गठन, जिला पदाधिकारियों के रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र नियुक्ति सहित आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का संचालन मोर्चा जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, संदीप सोनी, जिला मंत्री रमेश जायसवाल, विमल साहू, रामसहाय साहू, मंडल अध्यक्ष मुड़वारा संतोष पटेल, माधवनगर संजय पटेल, न्यू कटनी राकेश चक्रवर्ती, कांटी जवाहर लाल विश्वकर्मा, ढीमरखेड़ा सुशील पटेल, सुनील विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

ब्रह्मदेव समाज ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती

रामायण पाठ, हवन, पूजन एवं भंडारे में सैकड़ों ने पाया प्रसाद

कटनी। ब्रह्मदेव समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा मिश्रा के नेतृत्व में कैमोर में परशुराम जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 2 मई कोअखंड रामायण का पाठ किया गया, जबकि 3 मई को श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना एवं हवन किया गया और भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें सभी विप्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान समाज की प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रतिभा मिश्रा द्वारा विधिवत भगवान परशुराम जी की पूजा की गई। आयोजन में ब्रह्मदेव समाज की कार्यकारिणी का पूरा सहयोग रहा। इस अवसर पर शहर के विप्रजनों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान मातृशक्ति माधुरी तिवारी, प्रेम तिवारी, नीतू पांडे, क्षमा तिवारी, सीमा पांडे, अंजू पांडे, रानी बड़गैया की उपस्थिति रही। गौरतलब है कि ब्रह्मदेव समाज की प्रदेशाध्यक्ष पिछले कई वर्षों से निर्धन बच्चों के स्कूल की फीस भी दे रहीं हैं। उनका मानना है कि ीआर्थिक रूप से असमर्थ किसी भी बच्चे की की पढ़ाई नहीं रुकना चाहिए।

नगरपालिका निगम, कटनी, (म.प्र.)

क्रमांक/293/परिवहन/2022 — कटनी, दिनांक : 20.04.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में Expression of Interest for operation and Management of Swimming Pool complex at suramya park, Kataye Ghat कार्य हेतु निविदा जारी की जा रही है जो ई-टेंडरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा नगरपालिका निगम कटनी में एवं पोर्टल https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

क्र.	कार्य का नाम	माडल	समय अवधि
1	Expression of Interest for operation and Management of Swimming Pool complex at suramya park, Kataye Ghat	Public Private Partnership (PPP)	5 years

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 27.04.2022 को सायंकाल 5.00 से। (2) प्री बिड बैठक दिनांक 10.05.2022 दोपहर 3.00 बजे से। (3) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27.05.2022 को सायंकाल 5.00 बजे तक। (4) बिड जमा करने की अंतिम तिथि 27.05.2022 को सायंकाल 5.00 बजे तक। (5) ऑनलाइन तकनीकी बिड खोलने की तिथि 30.05.2022 को दोपहर 3.00 बजे से।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम, कटनी

कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी, जिला-कटनी (म.प्र.)

क्रमांक- 587/स्टेनो/आ./2022 — **आम सूचना** — कटनी, दिनांक: 04/05/2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पीएमकाल में पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु नगरपालिक निगम, कटनी में पेयजल कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका टोल फ्री नंबर 14420 है। इसके अतिरिक्त 45 वार्डो की सुचारू पेयजल व्यवस्था हेतु विशेष दल का गठन किया गया है, संबंधित वार्डों के नागरिक टोल फ्री नंबर अथवा दल के निम्नांकित अधिकारी, कर्मचारी के माध्यम से पेयजल संबंधी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

क्र.	वार्ड विभाजन	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	पदनाम एवं ड्यूटी व्यवस्था	मोबाइल नंबर
1	वार्ड क्र. 01 से 07	श्री रवि हनोते श्री एम.सेक. बनर्जी	उपयंत्री एवं प्रभारी समयपाल	9770719506 8989911071
2	वार्ड क्र. 08 से 15	श्री जे.पी. सिंह बघेल श्री सुरजीत तिवारी	उपयंत्री एवं प्रभारी टै.वे.भी.	8989911060 9301683244
3	वार्ड क्र. 16 से 21	श्री अनिल जायसवाल श्री कृष्णगोपाल गर्ग	प्रभारी सहायक यंत्री एवं प्रभारी आउटसोर्स कर्मी	8989911080 9407842596
4	वार्ड क्र. 22 से 26	श्री शैलेन्द्र भारती श्री प्रभुदास मिश्रा	उपयंत्री एवं प्रभारी टै.वे.भी. सहायक विभाग	9981379995 8770303307
5	वार्ड क्र. 27 से 37	श्री संजय मिश्रा श्री मनोज पाठक	उपयंत्री एवं प्रभारी स्पाईकर्मी	8989911058 9977739477
6	वार्ड क्र. 38 से 45	श्री एस.के. गर्ग श्री पंकज निगम	उपयंत्री एवं प्रभारी समयपाल	9340534528 8989911072

जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों से निम्न मोबाईल नंबरों पर संपर्क करते हुए अपनी शिकायत एवं सुझाव से अवगत कराया जा सकता है। श्री शैलेश जायसवाल, कार्यपालन यंत्री, मो. 9827574653, श्री अखिलेश प्रसाद पाण्डेय, उ. सहायक यंत्री, मो. 8989911059, श्री मृदुल श्रीवास्तव, उपयंत्री, मो. 7987501365.

अध्यक्ष
नगरपालिक निगम, कटनी

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए - 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,
जबलपुर रोड बरगवां,
कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 29th April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Millal MALL

Audi 1	Show	Audi 2	Show	Audi 3	Show
RUNWAY-34	10.30 AM	KGF	9:45 AM	Heropanti-2	10:45AM
KGF	1:15 PM	Heropanti-2	1:00 PM	RUNWAY-34	1:30 PM
RUNWAY-34	4:30 PM	Heropanti-2	4:00 PM	RUNWAY-34	4:15 PM
Heropanti-2	7:15 PM	Heropanti-2	6:45 PM	RUNWAY-34	7:00 PM
RUNWAY-34	10:00 PM	Heropanti-2	9:30 PM	KGF	9:45 PM

Paytm
book my show

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

अधिक शिकायतें हैं तो रोजाना का तय करें टारगेट

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर ने दिए निर्देश

काम में लापरवाही बरतने वालों को जारी करें कारण बताओ नोटिस

कटनी। जिन विभागों की अधिक शिकायतें लंबित हैं, उन विभागों के अधिकारियों के लिए रोजाना का टारगेट निर्धारित कर काम कराएं। शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण पूर्वक का निराकरण कराएं। जो काम नहीं कर रहे हैं, उनको शोकॉज नोटिस जारी करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने यह निर्देश सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान दिए।

कलेक्टर ने विभागवार विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बैकों द्वारा आरसीसी की फीडिंग न करने पर अप्रसन्नता पत्र जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम को समय पर आबादी क्षेत्र घोषित करा लेने और पीएम किसान आधार नाम सुधार के कार्य में और प्रगति लाने के निर्देश उन्होंने बैठक में दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्य व योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने शत प्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एफआरए, खाद्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, उद्यानिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की भी कलेक्टर ने समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाएं

स्कूलों के छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के कार्य की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कार्य में गति लाने शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा जानकारी न देने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने सीवर लाइन का काम कर रहे ठेकेदार को बुलाकर चर्चा करने के निर्देश प्रदान किए। आयुष्मान भारत योजना को लेकर राशन दुकानों में कार्ड बनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने और उद्यम क्रांति योजना में प्रगति लाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश बैठक में दिए गए। इसके अलावा उन्होंने पीएम आवास शहरी क्षेत्र, मत्स्य विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं व कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

वन ग्रामों को दिलाएं राजस्व ग्राम का दर्जा

टीएल के लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम से अपने-अपने क्षेत्रों के उत्कृष्ट स्कूलों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखने व आवश्यक कार्य के प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी एसडीएम को क्षेत्र के वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

सुविधाओं के साथ व्यवस्थित हुआ एनआईसी का वीडियो काफ्रेंस हॉल

कलेक्टर ने रिबन काटकर किया शुभारंभ

कटनी। एनआईसी विभाग के वीडियो काफ्रेंस हॉल की सुविधाओं को और बेहतर करने और व्यवस्थित करने के निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिए थे। निर्देशानुसार पीडब्ल्यूडी विभाग के माध्यम से एनआईसी हॉल का नवीनीकरण कराया गया है। कलेक्ट्रेट प्रथम तल में स्थित वीडियो काफ्रेंस हॉल का सोमवार को कलेक्टर श्री मिश्रा ने रिबन काटकर शुभारंभ किया और नवीन व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, एनआईसी विभाग के स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

हर हाल में बनाएं विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र

जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किये निर्देश

कटनी। जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह ने जिले के समस्त विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में कहा गया है कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने एवं विद्यार्थियों को वितरित किये जाना शासन की प्रमुख प्राथमिकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकों को कहा है कि वे अपने विकासखण्ड अंतर्गत समस्त विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूर्ण कर भरे हुये फॉर्म समस्त आवश्यक अभिलेखों, फोटो, अभिभावकों के हस्ताक्षर सहित अपने कार्यालय में दो दिवस के भीतर जमा कराने के लिये समस्त प्रधानाध्यापक प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को जारी करें। इस कार्य के लिये अपने कार्यालय के किसी एक वरिष्ठ व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपकर कैम्प लगाकर कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। इससे संबंधित प्राप्त किये गये फॉर्म को कार्यालय लोक सेवा प्रबंधन विकास द्वारा जारी निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भेजने के लिये निर्देशित किया गया है। इस कार्य की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर द्वारा टीएल बैठक में कलेक्टर द्वारा की जायेगी।

कांग्रेस की सरकार बनी तो बहाल होगी पुरानी पेंशन

शिक्षक कांग्रेस के अधिवेशन में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किया एलान

कटनी। म. प्र. शिक्षक कांग्रेस के अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आगामी चुनाव में म. प्र. में कांग्रेस की सरकार बनती है तो राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ राज्य की भांति म. प्र. के कर्मचारियों एवं शिक्षकों को पुरानी पेंशन प्रदान की जावेगी। शिक्षक कांग्रेस के ज्ञापन में उल्लेखित राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों एवं गुरूजियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, क्रमोन्नति प्राप्त सहायक शिक्षकों एवं शिक्षकों को वेतनमान के आधार पर पदोन्नति का नाम तथा अतिथि शिक्षकों को शासकीय शिक्षक बनाये जाने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने का भरोसा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दिलाया है। शिक्षक कांग्रेस के अधिवेशन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व मंत्री विधायक पी. सी. शर्मा, पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक सज्जन वर्मा, विधायक उज्जैन किशन मालवीय, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, शिक्षक कांग्रेस के संस्थापक पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, शिक्षक कांग्रेस के संगठन प्रभारी शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, प्रांताध्यक्ष सुभाष सक्सेना आदि उपस्थित रहे। अधिवेशन को संगठन की ओर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने संबोधित किया एवं ज्ञापन सौंपा। कटनी जिले से उक्त अधिवेशन में रामनिधि मिश्रा, इलयास अहमद, अजय सिंह, अनिल मिश्रा, श्रवण पाठक, ऋषि परौंहा, कमलेश गर्ग, सोमदश्र तिवारी, ओमप्रकाश राय, प्रघुम्न बक्शी, राहुल जैन, राजेश सराठे, शत्रुघन पाण्डे, राकेश बघेल, सी. एल. यादव, केशलाल साहू, पीयूष त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भागीदारी रखी।

शिविर लगाकर किया जा रहा शासकीय सेवकों की समस्याओं का निराकरण

कटनी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर शासकीय सेवकों की समस्याओं के निराकरण को लेकर विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के उत्कृष्ट स्कूल उमरियापान में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में धरवारा संकुल में पदस्थ रहे उच्च श्रेणी शिक्षक सीताराम दुबे के अर्तित अवकाश संबंधी प्रकरण का मौके पर ही निराकरण कराया गया। वहीं सहायक शिक्षक राम प्रकाश रैदास के अर्जित अवकाश एवं द्वितीय क्रमोन्नती के लाभ दिलाये जाने के आवेदन पर भी चार दिवस के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।इसी प्रकार प्राथमिक शिक्षक शशि पाठक के आवेदन पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को परीक्षण कर कार्यवाही करने और शिक्षक कुंजबिहारी जायसवाल के पुराने वेतन भुगतान के आवेदन पर धरवारा प्राचार्य को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। शिविर में डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों के मार्च 2022 के मानेदय भुगतान के आवेदन पर बीईओ को उपस्थिति भेजने के लिये निर्देशित किया गया। वहीं शासकीय हाई स्कूल पिंडरई का प्रभार देवकी नंदन झारिया को 5 मई तक सौंपने के निर्देश भी शिविर में दिये गये। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा का प्रभार आशीष चौबे द्वारा माधवी तन्तुवाय को नहीं सौंपे जाने पर बीईओ को प्रकरण की जांच करने और देवरी पाठक माध्यमिक शाला प्रधानाध्यापक अर्जुन सिंह के द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं देने के आवेदन पर जिलास्तर से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ढीमरखेड़ा सहित समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज ने दिखाई एकजुटता

मुरलीधर मंदिर प्रांगण में पूजन, हवन के बाद विशाल भंडारा, महिलाशक्ति ने भी आयोजन में बढ़ चढ़कर निभाई सहभागिता

कैमोर। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में कैमोर नगर में भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम महाराज का जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मुरलीधर मंदिर प्रांगण में विष्णु सहस्त्रनाम जाप सहित श्री हनुमान चालीसा पाठ, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कैमोर नगर के इतिहास में ब्राह्मण समाज में पहलीबार इतनी एकजुटता देखने को मिली।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा इस बार परशुराम जयंती पूरी भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया था और इसकी जिम्मेदारी परिषद के युवाओं को सौंपी गई थी। युवाओं ने पूरी कर्मठता और लगन के साथ इस दायित्व का निर्वहन किया गया। ब्राह्मण युवा टोलियों में बंट कर अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले समाज के वरिष्ठ जनों के निवासों तक पहुंचे और उन्हें आयोजन में पहुंच कर आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। सभी वरिष्ठ जनों ने इस आग्रह को स्वीकार किया। परशुराम जयंती पर सुबह सबसे पहले भगवान परशुराम के तैलचित्र पर तिलक वन्दन कर उनकी पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ हुआ। संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद पूरा परिसर जय जय परशुराम के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की महिलाशक्ति ने भी भारी संख्या उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। समाज की महिलाओं ने कन्याओं के पैर धोकर उनका पूजन किया। कन्या पूजन और कन्या भोजन के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें समाज के सभी प्रतिष्ठित वरिष्ठ जन शामिल हुए। पूरा आयोजन सनातनी परंपरा के साथ शिष्ट और संस्कारित रहा। अन्य समाज के लोगों ने भी ब्राह्मण समाज के इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम सुबह से प्रारंभ होकर दोपहर बाद तक चलता रहा। इस आयोजन को क्षेत्र के प्रतिष्ठित आचार्यों सहित सभी मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मण विभूतियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

पराक्रम का प्रतीक हैं परशुराम

आयोजन के दौरान विप्र समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए अपने आशीर्वचन में कहा कि भगवान परशुराम का परशु जहां पराक्रम का प्रतीक है वहीं राम सनातनी परंपरा और मर्यादा के प्रतीक हैं। ब्राह्मण का कर्म वैसे तो शास्त्र पूजन का है पर जब भी धर्म की रक्षा की आवश्यकता होगी ब्राह्मण शस्त्र धारण करने से भी नहीं हिचकेगा।

सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का माध्यम है सोशल मीडिया

कटनी। कांटी मंडल में आयोजित त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यशाला में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला मंत्री रम्मू साहू, कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान ने पार्टी की विचारधारा, कार्यक्रम एवं कार्यकर्ताओं की प्रमुख जिम्मेदारियां, कार्यालय व्यवस्था आदि के बारे में मंडल से आए हुए समस्त त्रिदेवों को अपने सारगर्भित उद्बोधन से संबोधित किया। सोशल मीडिया के विषय पर युवा मोर्चा के जिला मंत्री नवल चतुर्वेदी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से हम केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से बूथ स्तर तक पात्र हितग्राहियों को उनका समुचित लाभ व्यापक प्रचार, प्रसार के माध्यम से दिला सकते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने बूथ एवं मंडल पर आयोजित कार्यक्रमों को भी व्यापक तरीके से लोगों के बीच पहुंचा सकते हैं। सोशल मीडिया में हमें अपनी बातों को मर्यादापूर्वक एवं सही शब्दों के चयन के साथ रखना है इसका भी विशेष ध्यान रखना है। पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास एवं संघर्ष, त्याग, समर्पण एवं बलिदान ने ही आज पार्टी को शून्य से शिखर तक लाने में महती भूमिका है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता देवतुल्य है जो पार्टी की सेवा सजग प्रहरी के रूप में करता है।

10 मई तक चलेगा कॉलेज चलो अभियान

कटनी। प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत विद्यार्थियों को महाविवद्यालयों में अकादमिक सत्र 2022-23 में प्रवेश लेने के लिये कॉलेज चलो अभियान 2 मई से प्रारंभ कर दिया गया है जो 10 मई तक चलेगा। इस संदर्भ में शहर के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया जायेगा और उन्हें उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदाय की जायेगी। जारी निर्देशों के परिपालन में प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी ने आदेश जारी करते हुये प्राध्यापकों, सह प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों की ड्यूटी लगाई है। ड्यूटी पर लगाये गये समस्त प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, 2 मई से 10 मई तक उन्हें आवंटित किये गये विद्यालयों में पहुंचकर गतिविधियों का संचालन करेंगे। संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं विद्यालयों में पहुंचकर दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिये कहा गया है।

पाठशाला आयोजित कर किसानों को दी प्रधानमंत्री फसल बीमा की जानकारी

विधायक प्रणय पांडेय के मुख्य अतिथ्य में हुआ आयोजन

कटनी। गतदिवस आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में किसानों की भागीदारी-प्राथमिकता हमारी अभियान के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा पाठशाला का आयोजन ग्राम पंचायत मुख्यालय स्लीमनाबाद में हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पान्डेय मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच लखन लाल अग्रवाल ने की। फसल बीमा पाठशाला में सैकड़ों किसानों की उपस्थिति के साथ-साथ जिला पंचायत के कृषि सभापति निधि गोलू तिवारी, जनपद पंचायत सदस्य भीम सिंह, अमित अगृहरि (लकी) एवं क्षेत्र के प्रगतिशील सम्पर्क किसान मौजूद रहे। इस दौरान विधायक श्री पान्डेय ने सभी किसानों को उन्नत तकनीकी से खेती करने के साथ ही फसल बीमा व कृषक हितैषी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। उन्होंनें कहा कि प्रदेश सरकार, किसानों की सरकार है और प्रत्येक किसान का उत्तरोत्तर आर्थिक विकास ही हमारी प्राथमिकता है। प्रभारी एस ए डी ओ बहोरीबंद राजकिशोर चतुर्वेदी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अमर सिंह ऐमा, बहादुर सिंह बालमीकि, सुन्दर लाल साकेत, फसल बीमा ब्लाक समन्वयक (प्रतिनिधि) जितेंद्र कुमार गौतम ने प्रधान मंत्री फसल बीमा की अवधारणा, उद्देश्य व प्रकिया पर विस्तार से जानकारी दी। कृषकों को भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

पड़ोसी की दबंगई से परेशान परिवार के 11 सदस्यों ने गांव छोड़ा

रिश्तेदार के यहां शरणार्थियों की तरह जीवन हो रहा व्यतीत
प्रशासन व पुलिस से सुरक्षित गांव वापसी की मांग

कटनी। जिले में दबंगों के डर से गांव छोड़ने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभी रीठी थाना अंतर्गत ग्राम मगरधा में दबंगों के डर से एक युवक के गांव छोड़कर अपने फूफा के यहां बिलहरी में शरण लेने का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि इसी थाना अंतर्गत ग्राम बड़गांव में पड़ोसी की दबंगई से परेशान एक परिवार के 11 सदस्यों द्वारा एक साथ गांव छोड़कर दूसरे गांव में शरण लेने का मामला प्रकाश में आया है।

बताया जाता है कि पूरा परिवार होली पर्व के दौरान पड़ोसी से हुए विवाद के बाद से ही गांव छोड़कर दूसरे गांव में शरण लेने मजबूर है। परिवार के बुजुर्ग शेख बशीर, उनके तीन बेटे-बहुएं, बेटी, छोटे-छोटे बच्चे को लेकर शरणार्थियों की तरह दूसरे गांव में गुजर बसर कर रहे हैं। स्वयं का घर होने के बाद भी अपने रिश्तेदारों के यहां होली के बाद से शरणार्थियों की तरह जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पड़ोसी की दबंगई और गांव वालों से भयभीत यह परिवार अपनी जान बचाने पुश्तैनी मकान और रोजगार छोड़ दूसरे गांव में शरण लिए हुए है। इस संबंध में परिवार के सदस्य पीर मोहम्मद ने बताया कि बच्चों को लेकर 1 साल पहले पड़ोसी से मामूली झगड़ा हुआ था। इस साल होली पर बिना बात के फिर झगड़ा हुआ और दोनों तरफ से हाथापाई हुई। पड़ोसी ने गांव वालों को भड़काया और होली के बाद से शेख बशीर के 11 सदस्य बड़खेरा के कनकी गांव में अपने रिश्तेदारों के यहां रहने मजबूर हैं। पीर मोहम्मद ने बताया कि उसे पड़ोसी से और गांव वालों से जान का खतरा है। शेख बशीर का परिवार आज भी बड़े सदमे में है। पड़ोसी व गांव वालों की दहशत इतनी है कि शेख बसीर होली के बाद से आज तक गांव जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया है।

इस संबंध में पीड़ित परिवार ने बताया कि सभी बच्चों, महिलाओं को भय है। इसलिए बड़गांव वापस नहीं जाना चाहता। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए सुरक्षित गांव वापस भेजने की मांग की है। गौरतलब है कि इसके पूर्व ग्राम मगरधा का 21 वर्षीय युवक रामविशाल पिता बारेलाल साहू भी दबंगों के डर से गांव छोड़कर अपने फूफा के यहां बिलहरी में रह रहा है।

राष्ट्र कल्याण के लिए हाथ में ज्वाला लेकर घर से निकला विजय

1300 किलोमीटर की नंगे पैर पदयात्रा

कटनी। सूरज इन दिनों आग उगल रहा है। सुबह नौ चिलचिलाती धूप में बजे से ही तेवर तल्ख हो जाते हैं और तापमान 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। इतनी अत्यधिक गर्मी होने के बाद भी राष्ट्र कल्याण की भावना को लेकर एक युवक 1300 किलोमीटर की ज्वाला पदयात्रा पर निकला है। हम बात कर रहे हैं झिन्नारतालुका नासिक श्याह गांव निवासी विजय एकनाथ कादंलकर की। राष्ट्र कल्याण की भावना को लेकर काशी विश्वनाथ धाम बनारस से शिरडी तक की पैदल ज्वाला यात्रा पर निकला है। हाथ में जलती ज्वाला लेकर नंगे पैर पैदल चल रहा है। विगत दिवस 365 किलोमीटर की यात्रा कर कटनी पहुंचे और जबलपुर की ओर रवाना हुए। अभी 947 किलोमीटर का और सफर बाकी है।

रीवा शटल में लगा एसी चेयरकार का एकस्ट्रा कोच

कटनी। ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल ने जबलपुर-रीवा के बीच चलने वाली शटल ट्रेन में एसी चेयरकार का एकस्ट्रा जोड़ने का निर्णय लिया है। कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11705/11706 जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल में आज गुरूवार से एक वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी का कोच जोड़ दिया गया। इससे गर्मी में यात्रियों को सफर में आसानी होगी तथा ट्रेन में प्रतीक्षा सूची कम करने में मदद मिलेगी। यात्रियों के सफर के अवसर बढ़ेंगे।

बाइक से शराब की तस्करी करते युवक गिरफ्तार

37 हजार रुपए की अंग्रेजी और देशी शराब जप्त

कटनी। रीठी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो युवकों को शराब सहित पकड़ा है। आरोपियों के पास से लगभग 37 हजार रुपए की शराब जप्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। शराब कहां से लाई गई थी, इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि बताया कि रीठी थाना क्षेत्र के पटौहा गांव के आगे लाल तलैया के पास से बाइक सवार दो युवकों को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी के दौरान युवकों के पास से 128 पाव अंग्रेजी और 150 पाव देशी शराब मिली। पुलिस ने शराब को जप्त कर लिया है। जप्त की गई शराब की कीमत करीब 37 हजार रुपए है। पकड़े गए आरोपी हरद्वारा निवासी विक्रम सिंह गौड़ और पटौहा निवासी अलोक सिंह गौड़ है। पुलिस ने आरोपियों की मोटर साइकिल भी जप्त कर ली है। अरोपियो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

अप व डाऊन दिशा में लगाएगी एक-एक फेरा

मुड़वारा होकर जबलपुर से नांदेड़ के बीच चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

कटनी। रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से आयोजित नॉन टेक्निकल पापुलर कैटेगरी परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने जबलपुर-नांदेड़-जबलपुर के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ये परीक्षा स्पेशल ट्रेन कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलेगी। जबलपुर और नांदेंड दोनों दिशाओं में 1-1 ट्रिप चलाई जाएगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 02190 जबलपुर से 07 मई को रात 11:00 बजे नांदेड के लिए प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 12:12 बजे कटनी मुड़वारा स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद यह ट्रेन दमोह, सागर, भोपाल, इटारसी के रास्ते होकर तीसरे दिन रात 12:30 बजे नांदेड़ पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02189 नांदेड से 9 मई सोमवार को रात्रि में 9:30 बजे जबलपुर के लिए रवाना होगी और अगले दिन रात 9:20 बजे कटनी मुड़वारा पहुंचेगी। इसके बाद जबलपुर के लिए रवाना होगी।

घर में घुसकर प्रौढ़ से मारपीट

कटनी। घर में घुसकर प्रौढ़ से मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार कोतवाली अंतर्गत नई बस्ती जय प्रकाश वार्ड में राहुल कोटवानी ने रंजिशन रामचंद्र कोटवानी से विवाद किया और घर में घुसकर मारपीट की।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

अर्पित 6 साल के लिए पार्टी से बाहर, एक्शन पर उठे अनेक सवाल

कटनी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अर्पित पोद्दार को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। अनुशासन तोड़ने, रेल अधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं से अभ्रदता करने के आरोप के साथ अर्पित को फिलहाल पार्टी से बाहर का रास्ता दिखलाया गया है। इस कार्यवाही को लेकर पार्टी गलियारों में अनेक तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

यदि रेल अधिकारियों से की अभद्रता तो अधिकारियों ने क्यों नहीं की शिकायत?

निष्कासन के तौर-तरीके और इसके पीछे के असल कारणों को लेकर अनेक सवाल उपस्थित हो रहे हैं। दरअसल यह पूरा विवाद भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष का व्यक्तिगत है, किंतु एकपक्षीय कार्यवाही के साथ इसे पार्टी कार्यकर्ताओं और रेल अधिकारियों के अपमान का रंग दे दिया गया है।

निष्कासन का यह कारण बताया पार्टी ने

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीश वर्मा ने बताया कि संगठन ने पाया कि अर्पित पोद्दार पार्टी में अनुशासन का उल्लंघन एवं पार्टी की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे थे। जिला कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व लोकसभा चुनाव में भी अर्पित की भूमिका पार्टी के प्रति संदिग्ध थी। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो से अभद्र व्यवहार एवं सदैव पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने की निरन्तर शिकायत मिली। 28 अप्रैल को ट्रेन के स्वागत में जब वरिष्ठ कार्यकर्ता स्टेशन में उपस्थित थे तब रेलवे अधिकारियों से झंडा छीनकर अभद्रता करते हुए व्यवस्था और अनुशासन का अतिक्रमण कर स्वयं झंडा दिखाने का प्रयास किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा रोके जाने पर असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया जिससे सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की छवि धूमिल हुई है।

निष्कासित व्यक्ति को पुनः किया निष्कासित?

गौरतलब है कि रेल्वे स्टेशन पर हुई घटना के कुछ ही देर बाद भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि अर्पित पोद्दार निष्कासित है। ताज्जुब तो इस बात पर है कि जब अर्पित पहले से निष्कासित था तो पार्टी को उनके दोबारा निष्कासन की जरूरत क्यों पड़ गई। इसके मायने साफ हैं कि या तो वे पहले निष्कासित नहीं थे या जिलाध्यक्ष घटना के दिन से ही गलतबयानी करके भ्रम फैला रहे हैं। कल भी निष्कासन की कार्यवाही को लेकर जिलाध्यक्ष का जो वीडियो वायरल हुआ उसमें उन्होंने कहीं भी इस बात का जिक्र नहीं किया कि विवाद उनके और अर्पित के बीच था जबकि हकीकत सभी जानते हैं कि थप्पड़बाजी दोनों के बीच ही हुई थी। सूत्रों का कहना है कि ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का अधिकार तो वैसे किसी को नहीं था, क्योंकि न तो पायल किसी संवैधानिक या निर्वाचित पद पर हैं और न ही अर्पित।

अब तक चुप क्यों थी पार्टी- अर्पित

अर्पित का कहना है कि यदि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने पार्टी के खिलाफ काम किया था तो उन्हें उसी समय निष्कासित क्यों नहीं किया गया। अर्पित पोद्दार के मुताबिक उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में काम किया था और अनेक मंचों का संचालन भी उन्होंने किया। लोकसभा चुनाव के बाद भी वे पिछली जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व देख रहे थे। वर्तमान जिलाध्यक्ष के कार्यकाल के शुरूआती समय में वे हमेशा उनके साथ नजर आए। इस दौरान यदि उनकी गतिविधियां पार्टी विरोधी थीं तो पार्टी अब तक चुप क्यों थी। मेरे द्वारा यदि 28 अप्रैल को रेल अधिकारियों के साथ अभद्रता की गई तो रेल अधिकारियों की ओर से मेरे विरूद्ध शिकायत क्यों नहीं की गई। चर्चाओं में यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी ने निष्कासन का अधिकार प्रदेश नेतृत्व को हैं जबकि जो पत्र जारी हुआ है उसमें प्रदेश के किसी नेता के निर्देश का कोई उल्लेख नहीं है। अर्पित का यह भी कहना है कि रेलवे स्टेशन के विवाद को पार्टी यदि अनुशासनहीनता मानकर उनका निष्कासन कर रही है तो फिर दोनों पक्षों पर कार्रवाई होना चाहिए। क्योंकि विवाद तो दोनों ओर से हुआ। ऐसे में जब कुसूर बराबर का है तो एक को सजा कैसे मिल गई। दूसरी स्थिति यह है कि अपने कार्यालय मंत्री को निष्कासन का पत्र जारी करने के निर्देश देने वाले जिलाध्यक्ष स्वयं रेल्वे स्टेशन में हुये विवाद का एकपक्ष है, ऐसे में कार्यकर्ता के खिलाफ एक्शन का अधिकार ऊपर बैठे लोगों ने उन्हें कैसे दे दिया, जबकि प्रदेश नेतृत्व के सामने तो दोनों ही कार्यकर्ता समान होना चाहिए। हाल-फिलहाल तो लगता है आगे कोई कार्यकर्ता ऐसा साहस न करे इसे ध्यान में रखकर पार्टी ने अर्पित के खिलाफ एक्शन लिया है।

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ

मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना गार्डन

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारे

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

गार्डन मात्र 51000/-

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता

एडवांस्ड

सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है

क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स

समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087, 8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

प्लॉट बिकाऊ है

समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।

मो. 9993705740

श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स

हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में....

PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध

सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध

सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता

मो. -7869171856 7974741898

ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी

HOTEL GRAND MERIDIAN

Facilities: Luxury Rooms, Banquet Hall, Conference Hall, Free Wifi, Cinema, Restaurant, Bar, Car Parking

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501

Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)